Press Release

TATA POWER-DDL

**सोमवार, 3 अक्टूबर, 2022** **तत्काल प्रकाशन हेतु**

**नई दिल्ली**

## टाटा पावर-डीडीएल ने इंडियन सोसायटी फॉर क्वालिटी के साथ मिलकर अपना पहला टीम ओरियेंटेड प्रॉब्लम सॉल्विंग (TOPS) कन्वेंशन आयोजित किया

- *इस संयुक्त सम्मेलन का आयोजन टाटा पावर-डीडीएल के सैक्टर 11, रोहिणी स्थित लर्निंग सेंटर में किया गया*
- *प्रतिभागियों का मूल्यांकन बेसिक प्रॉब्लम सॉल्विंग और एडवांस्ड प्रॉब्लम सॉल्विंग प्रक्रिया के आधार पर किया गया*

टाटा पावर-डीडीएल ने इंडियन सोसायटी फॉर क्वालिटी एनसीआर चैप्टर के साथ मिलकर अपना पहला टीम ओरियेंटेड प्रॉब्लम सॉल्विंग (TOPS) कन्वेंशन आयोजित किया। इस संयुक्त सम्मेलन का आयोजन टाटा पावर-डीडीएल के सैक्टर-11, रोहिणी स्थित लर्निंग सेंटर में किया गया। इस पहल का प्रमुख मकसद टीम भावना तथा समस्या समाधान की दिशा में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने को बढ़ावा देना था। साथ ही, इसके माध्यम से नए स्किल्स सीखने और बैस्ट प्रैक्टिसेज के आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहित किया गया।

टीम ओरियेंटेड प्रॉब्लम सॉल्विंग (TOPS) कन्वेंशन 2022 में टियर 1 एवं 2 शहरों की 24 कंपनियों के 160 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें न्यू प्रोडक्ट डेवलपमेंट, सिक्स सिग्मा, उपभोक्ताओं शिकायतों का निपटारा, इंडस्ट्री 4.0, जीवन चक्र मूल्यांकन आदि पर केंद्रित केस स्टडीज़ को जूरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता को दो श्रेणियों में बांटा गया था – **बेसिक प्रॉब्लम सॉल्विंग** (7 QC टूल्स, वाय-वाय एनेलिसिस और QC स्टोरी) तथा **एडवांस्ड प्रॉब्लम सॉल्विंग** (लीन, सिक्स सिग्मा जैसे टूल्स का प्रयोग)।

श्री गणेश श्रीनिवासन, सीईओ, टाटा पावर-डीडीएल; श्री जनक मेहता, प्रेसीडेंट, आईएसक्यू; श्री प्रभाकर शेट्टीगार, एग्जीक्युटिव डायरेक्टर, आईएसक्यू; श्री उदय महाजन, प्रेसीडेंट, आईएसक्यू-एनसीआर चैप्टर और श्री कुणाल पारीक, एचओडी- बिज़नेस एक्सीलेंस एवं टीक्यूएम तथा मानद सचिव, आईएसक्यू-एनसीआर चैप्टर TOPS कन्वेंशन 2022 में उपस्थित थे।

इस कन्वेंशन में **कुल 48 टीमों के 160 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया** जिनका मूल्यांकन एक अनुभवी तथा विविध जूरी पैनल द्वारा किया गया।

इस कन्वेंशन में, **टाटा स्टील, इंडस टावर्स, बॉश, टाटा मोटर्स, एसआरएफ लिमिटेड, डॉ रेड्डीज़ लैबोरेट्रीज़, अशोक लेलैंड, एचडीएफसी लाइफ, हीरो मोटोकॉर्प, एमजी मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड** समेत टाटा पावर-डीडीएल की सात टीमों ने हिस्सा लिया।

टाटा पावर-डीडीएल अपने सभी कर्मचारियों को सभी स्तरों पर चुनौतियों का सामना करते हुए व्यावसायिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिहाज़ से सशक्त बनाता है। टाटा पावर-डीडील के चार प्रोजेक्ट्स को संबंधित बेसिक एवं एडवांस्ड श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

**इंडियन सोसायटी फॉर क्वालिटी (आईएसक्यू):**

आईएसक्यू को दिसंबर 1996 में सोसायटीज़ रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के अंतर्गत रजिस्टर किया गया था। इसके लिए एक समान सोच रखने वाले प्रोफेशनल्स, अलग-अलग संगठनों के इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स एकजुट हुए और उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति के जीन में संपूर्ण गुणवत्ता का प्रसार करने के लिए नॉन-प्रॉफिट बॉडी का गठन किया। TOPS कन्वेंशन का उद्देश्य टीमवर्क तथा उपभोक्ता केंद्रित रणनीति तथा जाने-माने संगठनों की सर्वश्रेष्ठ केस स्टडीज़ का इस्तेमाल करते हुए प्रॉब्लम सॉल्विंग को बढ़ावा देना है। इस प्रकार का प्रोग्राम क्वालिटी के विषय में जानकारी का प्रसार करने की आईएसक्यू की नीति के अनुरूप है।

यह प्रोग्राम टियर 1 एवं 2 कंपनियों, प्रोसेस एवं सर्विस संगठनों के ओईएम के सुपरवाइज़र्स के लिए प्रॉब्लम-सॉल्विंग एवं उसकी प्रक्रियाओं से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में खुला है।


**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**

**कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स:**

सोनिया सरीन (9910292599)

वसुधा (7042902779)

**मैडिसन पीआर:**

वरुण भारद्वाज (9599994592)